अध्ययन सामग्री निर्माण
**Dr. SHAKEEL HUSAIN**
**Head . Dept. of Political Science**
**Govt. VYT.PG Autonomous College**
**Durg CG.**
**shakeelvns27@gmail.com**

## **SMART & Benefits of e governance**
## स्मार्ट तकनीकि और ई-गवर्नेस के लाभ

- **Simple**
- **Moral**
- **Accountable**
- **Responsive**
- **Transparent**

### **Simple - सरल**
इससे अभिप्राय है कि सूचना और सेवा प्रदान करने की समस्त प्रक्रिया बहुत ही सरल होनी चाहिए जिसे तकनीकी भाषा में यूजर फ्रेंडली कहा जाता है क्योंकि इस प्रशासन के उपभोक्ता आम नागरिक हैं जिनमें संभव है कि बहुत बड़ी संख्या ऐसे लोगों की हो सकती है जिन्हें पर्याप्त तकनीकी ज्ञान ना हो या हो सकता है वह शिक्षित भी ना हो या कम शिक्षित हो इसलिए अपनाई जाने वाली तकनीकी या ऐप या वेबसाइट यूजर फ्रेंडली हो अर्थात सरल हो जिससे सूचना और सेवा प्रदान करना सहज सरल और आसान हो

**Moral - नैतिक**

नैतिक होने से अभिप्राय है कि तकनीकी एवं साधन कानून सम्मत तथा मानव मूल्यों के अनुरूप होने चाहिए सूचना व संचार प्रौद्योगिकी का प्रयोग ई शासन में इस प्रकार किया जाना चाहिए जिससे भी राजनीतिक और प्रशासनिक मशीनरी या संरचना में नैतिक संवैधानिक कानून माननीय और नैतिक मूल्य को और अधिक बढ़ा सकें इनका निर्माण और परिचालन इस प्रकार होना चाहिए कि यह भ्रष्टाचार के प्रति संवेदनशील हो अर्थात भ्रष्टाचार रोकने में सहायक हूं बिचौलियों का उन्मूलन करें संस्थाओं पुलिस और न्यायपालिका आदि की दक्षता को या अन्य प्रशासनिक संरचनाओं की दक्षता को बढ़ाएं वास्तव में इस दिशा में बहुत प्रगति हुई है और शासन की वजह से शासन और नागरिक के बीच मध्यस्थों का उन्मूलन हुआ है जैसे ऑनलाइन रेलवे टिकट का रिजर्वेशन या छात्रवृत्ति आदि का सीधे डायरेक्ट कैश ट्रांसफर के द्वारा खाते में भुगतान इन संसाधनों से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगता है और नैतिक मूल्यों में वृद्धि होती है ।

**Accountable - उत्तरदायी**

ई शासन चूंकी जनता के लिए है अतः इसका उत्तरदाई और जवाबदेह होना अत्यंत आवश्यक है । इसमें प्रयुक्त की जाने वाली तकनीकियो का विकास इस प्रकार से किया जाता है जिससे उत्तरदायित्व को सुनिश्चित किया जा सके । सूचना और संचार प्रौद्योगिकी प्रभाव कारी प्रबंधन सूचना प्रणाली ( मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम **MIS** ) तथा निष्पादन आंकलन कार्यविधि (परफारमेंस मेजरमेंट मेकैनिज्म) की रूपरेखा ई शासन के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाती है और संबंधित कर्मचारी अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करती है ।

Dr. SHAKEEL HUSAIN

**Responsive -** अनुक्रियात्मक

ई-गवर्नेंस का मौलिक उद्देश्य और लाभ शासन की त्वरित अनुक्रियात्मकता है। इसका अर्थ है कि पारंपरिक रूप से आवेदन देने तथा उसे विभिन्न प्रक्रियात्मक चरणों से पार होने मैं लंबा समय लगता था। कई बार आवेदक के आवेदन मिलते नहीं थे या गुम हो जाते थे। कई बार आवेदकों के पास आवेदन और उनके ऊपर की गई कार्यवाही का मापन तथा निगरानी करना स्वयं में एक लंबी प्रक्रिया हो जाती थी। किंतु ई-शासन से इसमे बहुत सुधार होता है ,और प्रशासन त्वरित रूप से अनु क्रियाशील हो जाता है। अर्थात इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दिया गया आवेदन सदैव विद्यमान होता है उस पर की गई कार्यवाही की सूचना उपभोक्ता या नागरिक को निश्चित रूप से मिलती है। और समयबद्ध क्रियान्वयन संभव हो पाता है इससे धन साधन और समय सभी की बचत होती है अतः ही शासन की सबसे बड़ी विशेषता इसका रेस्पॉन्सिव या अनु क्रियाशील होना है।

**Transparent -** पारदर्शी

ई शासन में पारदर्शिता अंतर्निहित है क्योंकि इसमें आवेदन देने से लेकर कार्य होने तक और उस पर की गई कार्यवाही की समस्त प्रक्रिया इलेक्ट्रॉनिक रूप से विद्यमान होती है। नागरिक अपने आवेदन को ट्रैक कर सकते हैं अर्थात वह कार्यवाही के किस चरण में है?, जान सकते है तथा अपना फीडबैक भी दे सकते हैं। इसके अलावा ई-शासन से आवेदन के ना मिलने या गुम हो जाने की कोई संभावना नहीं रहती। उसके अलावा सरकारी दस्तावेजों , कानूनो, आदि क सूचना के रूप मे ई-शासन सार्वजनिक जानकारी में लाने का काम करती है

बजट मंत्रिमंडल के निर्णय संसद और विधानसभा की कार्यवाही , विधानसभा एवं संसद में पारित विधेयक सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय और यहां तक की अभिलेखागार आदि भी ई-शासन के माध्यम से जनता के लिए सर्वथा सहज सुलभ रहते हैं अतः पारदर्शिता ई-शासन का बेहद अनिवार्य घटक है।

DEPARTMENT OF POLITICAL SCIENCE
आनो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः
LET THE NOBLE THOUGHTS COME FROM EVERYWHERE
ACCREDITED AS A+ BY NAAC
Dr. SHAKEEL HUSAIN